'छठ महापर्व सनातन संस्कृति व लोक परंपराओं का प्रतीक : दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री विद्याधर नगर की जेडीए और गौतम विहार कॉलोनी में छठ पूजा कार्यक्रमों में शामिल हुई

जयपुर। उपमुख्यमंत्री एवं विद्याधर नगर विधायक दिया कुमारी ने आज लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र की जेडीए कॉलोनी एवं गौतम विहार कॉलोनी में आयोजित छठ पूजा के पावन कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने माताओं-बहनों एवं



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी।

- उन्होंने भगवान सूर्यदेव एवं छठी मैया से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाली की कामना की

समस्त श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर दिया कुमारी ने कहा कि छठ महापर्व हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति, अटूट आस्था, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और लोक परंपराओं का अनुपम प्रतीक है। यह पर्व समाज में श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने भगवान सूर्यदेव एवं छठी मैया से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। छठ पूजा के पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सूर्य उपासना और छठी मैया की आराधना की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, राजेश शाह, आशुतोष पंत, विशाल सिंह , सोहन चौधरी, उदय शाह जी, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू मीणा, पार्षद प्रत्याशी हनुमान सैनी व सुमन अग्रवाल, सुनील कारोड़िया, रोशन सैनी , रोहिताश, सुरेश, आदि मौजूद रहे।

देवली में 500 किलो अवैध मछली पकड़ी

देवली। पिछले कई महीनो से बीसलपुर बांध में मत्स्य एक्ट का ठेका नहीं हुआ है। इसी कारण बीसलपुर बांध के जलाशय से प्रतिदिन लाखों रुपए कीमत की मछलिया चोरी चुपके निकाली जा रही है। ऐसे में देखने वाली बात तो यह है कि प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का राजस्व देने वाला बीसलपुर बांध के जलाशय से प्रतिदिन लाखों रुपए कीमत की मछलियां चोरी होने की जानकारी जयपुर और टोंक जिला मत्स्य विभाग बखूबी प्राप्त है। उसके बावजूद मत्स्य विभाग ने अब तक बीसलपुर बांध के जलाशय से मछली आखेट का ठेका जारी नहीं किया है।

गौरतलब है कि अभी हाल ही में चार दिन पहले बीसलपुर बांध के नेगड़िया नदी मैं हो रहे अवैध मछली शिकार के विरुद्ध देवली पुलिस ने कार्रवाई की थी।

इस कार्रवाई को लेकर शहर मे स्थानीय पुलिस पर कई सवालिया खड़े हो गये थे और पुलिस की उक्त कार्रवाई चर्चाओं का विषय बनी हुई थी। शायद इसी को ध्यान में रखकर देवली पुलिस ने एक बार फिर उक्त अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करने की क्रियता दिखा कर भारी मात्रा में अवैध मछलिया जप्त कर ली।

देवली पुलिस ने रविवार को बीसलपुर बांध में मछलियां चोरी करने वाले सक्रिय गिरोह के सरगना के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 500 किलो अवैध मछलियों सहित एक पिकअप वाहन को जप्त किया है।

- पुलिस ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए एक पिकअप वहां में रखी 500 किलो अवैध मछली के साथ पिकअप वाहन को जब्त किया



जयपुर के गलता तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं ने छट पूजा कर सुख-शांति की मंगल कामना की।

नियम तोड़ने वाले 3 हजार 727 वाहन चालकों पर कार्रवाई

जयपुर। राजधानी में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत रविवार को एक ही दिन में 3 हजार 727 वाहन चालकों के चालान काटे गए। इनमें नो-पार्किंग जोन में खड़े 2 हजार 735 वाहन शामिल हैं।

पुलिस उपायुक्त (यातायात) प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान पर्यटन सीजन के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक जयपुर पहुंच रहे हैं। इससे शहर में यातायात का दबाव बढ़ गया है। कई चौपहिया वाहन चालक मुख्य मार्गों पर ही वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जेजेएम पर गहलोत पहले अपने कार्यकाल का हिसाब दें : दिलावर

जयपुर। जल जीवन मिशन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से लगाए गए आरोपों पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पलटवार किया है। दिलावर ने कांग्रेस के पूर्ववर्ती शासनकाल पर जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि गहलोत को वर्तमान सरकार पर सवाल उठाने से पहले अपने कार्यकाल में योजना के तहत हुए कार्यों और खर्च की गई राशि का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए।

मंत्री दिलावर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन में बड़े स्तर पर अनियमितताएं हुईं। उन्होंने कहा कि जनता के लिए स्वीकृत राशि कहां खर्च हुई और उसका वास्तविक लाभ किसे मिला, इसका जवाब तत्कालीन सरकार को देना चाहिए। दिलावर ने कहा कि अब फाइलों में काम होने की बात कहकर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया जा रहा है।

- उन्होंने कहा कि जनता के लिए स्वीकृत राशि कहां खर्च हुई और उसका वास्तविक लाभ किसे मिला, इसका जवाब देना चाहिए
- दिलावर ने कांग्रेस के पूर्ववर्ती शासनकाल पर जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार के आरोप लगाया

उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जिनके शासनकाल में भ्रष्टाचार से जुड़े गंभीर मामले सामने आए, वे आज दूसरों को नसीहत दे रहे हैं।

दिलावर ने जल जीवन मिशन से जुड़े मामलों का हवाला देते हुए कहा कि तत्कालीन सरकार के समय पीएचईडी विभाग के मंत्री सहित कई लोगों को जेल जाना पड़ा था। उन्होंने गहलोत से कहा कि दूसरों पर सवाल उठाने से पहले अपने शासनकाल में सामने आए मामलों का जवाब दें।

दिलावर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में खर्च की गई राशि और हुए कार्यों का पूरा हिसाब जनता के सामने आना चाहिए। उन्होंने गहलोत से अपने कार्यकाल की फाइलें खुलवाकर उनकी जांच और खर्च का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की।

शिक्षा मंत्री ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के एक पूर्व सदस्य द्वारा डेढ़ करोड़ रुपए देकर नियुक्ति हासिल करने संबंधी कथित बयान को भी गंभीर बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि उस समय नियुक्तियां किस स्तर पर होती थीं और पूरे मामले में किन लोगों की भूमिका थी। दिलावर ने कहा कि ऐसे आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर भव्य समारोह आयोजित

जयपुर। जयपुर के महेश नगर स्थित 80 फीट रोड के अंबेडकर पार्क में 15 नवंबर को धरती आबा एवं महान आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह में भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान, आदिवासी अस्मिता तथा जल-जंगल-जमीन के अधिकारों के लिए उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- समारोह में भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान, आदिवासी अस्मिता तथा जल-जंगल-जमीन के अधिकारों के लिए उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

कार्यक्रम का आयोजन संयोजक पूर्ण सिंह मोरिये एवं सह-संयोजक आर.एस. देव के संयोजन में किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र सेन, सदस्य राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं पूर्व नेशनल कोऑर्डिनेटर ऑल इंडिया कांग्रेस ओबीसी विभाग, रामेश्वर पुरसार्थी जी तथा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मलिक जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, विचारों और आदिवासी समाज के अधिकारों से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र सेन ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान, अधिकार और सामाजिक चेतना के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत, शोषण और अन्यायपूर्ण व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष कर आदिवासी समाज में नई चेतना का संचार किया।

सेन ने कहा कि 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातू गांव में जन्मे बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को जल, जंगल और जमीन पर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित एवं जागरूक किया।

जेडीए में लापरवाही पर कार्रवाई, 13 अधिकारियों-कर्मचारियों को चार्जशीट

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने लापरवाह और अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभिन्न मामलों में 13 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आरोप पत्र (चार्जशीट) जारी किए गए हैं, जबकि 9 कार्मिकों के विरुद्ध परिनिंदा और वेतनवृद्धि रोकने जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। कई अन्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं।

- 9 कार्मिकों को परिनिंदा और वेतनवृद्धि रोकने का दंड, कई को नोटिस; 6 अभियंताओं पर विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप
- विकास कार्यों में लापरवाही और पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर 6 अभियंताओं को चार्जशीट दी गई

जेडीए में जनता से जुड़ी अधिकांश सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इनके समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए एसओपी भी निर्धारित है। इसके बावजूद ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित पत्रावलियों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर एक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी और एक वरिष्ठ सहायक को परिनिंदा का दंड दिया गया। वहीं दो प्रशासनिक अधिकारियों की क्रमशः एक और दो वेतनवृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकी गईं।

अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में ढिलाई बरतने पर भी प्रवर्तन अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है। दो अलग-अलग मामलों में एक प्रवर्तन अधिकारी की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी गई, जबकि अतिक्रमण की शिकायत पर समय पर कार्रवाई नहीं करने वाले एक अन्य प्रवर्तन अधिकारी को परिनिंदा का दंड दिया गया।

कार्यालयीन कार्यों में लापरवाही पर दो सूचना सहायकों को दंडित किया गया है। शिकायतों के निस्तारण में अनियमितता मिलने पर एक अधिशाषी अभियंता को प्राधिकरण से कार्यमुक्त किया गया। वहीं विकास कार्यों में लापरवाही और पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर 6 अभियंताओं को चार्जशीट दी गई है। न्यायालयीन प्रकरण में समय पर पत्रावली प्रस्तुत नहीं करने पर एक अन्य अभियंता के विरुद्ध भी आरोप पत्र जारी किया गया।

शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े मीडियन, रोड साइड प्लांटेशन, ग्रीन बेल्ट और पौधों के रखरखाव में लापरवाही पर एक क्षेत्रीय अधिकारी एवं एक वनपाल के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।

जेडीए आयुक्त ने स्पष्ट किया कि राजकीय दायित्वों में लापरवाही, अनियमितता और अनावश्यक देरी करने वाले किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रक्रियाधीन मामलों में भी संबंधित कार्मिकों के जवाब और तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

गणेश मंदिर में अन्नकूट महोत्सव

जयपुर । दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेश मंदिर में रविवार को विशाल अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान प्रथम पूज्य गणेश के जयकारों से मंदिर परिसर सहित आसपास का क्षेत्र गूंज उठा। महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा दिल्ली और आगरा रोड से भी श्रद्धालु समूहों में पहुंचे।

मंदिर प्रबंध समिति के संरक्षक रघुवीर शरण अग्रवाल, अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संयोजक संजय गोयल पतंगवाला ने बताया कि महोत्सव के अवसर पर प्रथम पूज्य गणेश का विशेष श्रृंगार कर उन्हें विशेष पोशाक धारण कराई गई। इसके बाद गणेशजी और स्वयं आत्माराम जलेश्वर महादेव को अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाया गया। प्रथम पूज्य के दरबार में लड्डुओं की आकर्षक झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

भोग के बाद अन्नकूट प्रसादी वितरण शुरू हुआ। सबसे पहले विभिन्न मंदिरों के संत-महात्माओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ली।

पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, 10 जिलों में यलो अलर्ट

जयपुर। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव आया है। रविवार सुबह से सीकर और अलवर सहित कई इलाकों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। जयपुर समेत कई जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश और बादलों के चलते कई जिलों में दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान चूरू, बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और सीकर जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई।शनिवार को जैसलमेर के मोहनगढ़ में पांच मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान चित्तौड़गढ़ में 36 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान सिरोही में 13.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सीकर में पिछले कई दिनों से मौसम शुष्क रहने के बाद रविवार सुबह बदलाव देखने को मिला। देर रात से ही आसमान में बादल छाए रहे और सुबह सांवलोदा पुरोहितान सहित कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। अलवर में भी सुबह से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। यहां तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट आई है।

राजधानी जयपुर में रविवार सुबह से बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं के कारण मौसम में ठंडक महसूस हुई। शनिवार को यहां अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं जोधपुर में शनिवार को बारिश की संभावना के बावजूद मौसम शुष्क रहा। यहां अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को भी जोधपुर में बारिश का अलर्ट है।

अजमेर में अधिकतम तापमान 32.4 और न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री दर्ज किया गया। कोटा में दिन का तापमान बढ़कर 34.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री रहा। यहां सुबह और शाम हल्की ठंड का असर बना हुआ है।

मौसम में बदलाव के साथ प्रदेश में दिन और रात के तापमान में अंतर बना हुआ है। शुक्रवार को भीलवाड़ा में न्यूनतम तापमान करीब 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार 16 नवंबर से प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है।

सार-समाचार

सराफ ने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया



जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष के द्वारा प्रदत्त राशि से वार्ड 84 में शिव शक्ति मंदिर के पास गीजगढ़ विहार में बनाए गए सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। नटवर कुमावत ने बताया कि गीजगढ़ विहार में विधायक कोष से स्थानीय लोगों की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका आज भव्य लोकार्पण किया गया। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के सदस्यों ने जोरदार स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, विकास समिति अध्यक्ष मनीष गोयल,सचिव निशा जैन, पार्षद प्रत्याशी हेमराज खींची, डॉक्टर जगदीश मोदी, एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

विद्यांश ने युवा संसद में कममेंडेशन फॉर एक्सीलेंस अवॉर्ड हासिल किया



जयपुर। जयपुर के होनहार 13 वर्षीय छात्र विद्यांश को कममेंडेशन फॉर एक्सीलेंस अवार्ड और 7 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में यूथ अफेयर्स की ओर से हाल ही आयोजित दो दिवसीय युवा संसद जयपुर 2.0 के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी थे। युवा संसद में देशभर से आए स्कूल, कॉलेज के छात्रों और वर्किंग प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यांश ने सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के रूप में अपनी बात रखी। पहले दिन का विषय " से तक: भारत की शिक्षा और परीक्षा प्रणाली पर पुनर्विचार" था, जिसमें पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा हुई। वहीं दूसरे दिन "महिला आरक्षण और परिसीमन" पर बहस हुई। विद्यांश ने आत्मविश्वास के साथ सोनिया गांधी का प्रतिनिधित्व करते हुए शिक्षा प्रणाली, पेपर लीक और महिला आरक्षण पर प्रभावी भाषण दिया। उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति, समर्पण और संसदीय कार्यवाही में बेहतरीन योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। पुरस्कार यूथ अफेयर्स के फाउंडर हसन अमान और सयंतनी ने प्रदान किये । कार्यक्रम में कुल 40 हजार रुपये के कैश प्राइज पूल की घोषणा की गई थी, जिसमें से विद्यांश को 7 हजार रुपये का पुरस्कार मिला।

जयपुर में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 2026 का भव्य समापन

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज जयपुर के शास्त्री नगर में भारत विकास परिषद, उत्तर-पश्चिम क्षेत्र द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 2026 के समापन सत्र में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति और भारतीय लोक संस्कृति की सुंदर अभिव्यक्ति है। इस तरह के आयोजन राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत और देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वंचित वर्ग के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया



कार्यक्रम में बच्चों को उपहार वितरित किए ।

जयपुर। बाल दिवस के अवसर पर मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की ओर से जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के बच्चों के साथ बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को खुशियों के पल प्रदान करने के साथ उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था।

ट्रस्ट सीइओ कौशल सत्यार्थी ने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमें प्रत्येक बच्चे को समान अवसर, सम्मान, शिक्षा और बेहतर भविष्य प्रदान करने की जिम्मेदारी का भी एहसास कराता है। ट्रस्ट ने भविष्य में भी बच्चों की शिक्षा, प्रतिभा विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने का संकल्प व्यक्त किया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य , चिकित्सक ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों के लिए मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां, चित्रकला प्रतियोगिता, स्टोरीटेलिंग आदि रोचक आयोजन किए गए। इस अवसर पर सभी बच्चों को उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। ट्रस्ट निरंतर वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। ट्रस्ट की महासचिव दुर्गा वर्मा ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

जयपुर स्थापना दिवस पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल की पेंटिंग प्रदर्शनी शुरू

जयपुर । जयपुर स्थापना दिवस और शहर के 300 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एवं पेंटिंग प्रदर्शनी के पांचवें संस्करण का रविवार को शुभारंभ हुआ। आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलरी में आयोजित

- 100 से अधिक फोटोग्राफर और कलाकारों ने लिया भाग
- 19 नवंबर तक आईटीसी राजपूताना में देख सकेंगे शहरवासी पुरानी और नई जयपुर की विरासत



राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एवं पेंटिंग प्रदर्शनी के पांचवें संस्करण का रविवार को शुभारंभ हुआ

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा, राजस्थली की निदेशक माया ठाकुर, आईटीसी की रेजिडेंट मैनेजर पारुल कपूर, आईएएस गोपालराम बिरदा, आरएएस पंकज ओझा और टीटू तनवानी ने किया।

यह प्रदर्शनी 19 नवंबर तक चलेगी। इसमें शहरवासी जयपुर की पुरानी और नई तस्वीरों के माध्यम से शहर के इतिहास, संस्कृति और स्थापत्य विरासत को करीब से देख सकेंगे। प्रदर्शनी में हेरिटेज स्मारकों, परकोटा क्षेत्र, मंदिरों, त्योहारों, पुरानी गलियों और जयपुर की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। पूर्व महाराजा भवानी सिंह की पुरानी तस्वीरें भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

मुख्य अतिथि पवन अरोड़ा ने प्रदर्शित तस्वीरों और पेंटिंग्स की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू हुई यह प्रदर्शनी शहर के इतिहास, संस्कृति और विरासत को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जयपुर की विरासत को संजोकर रखना और इसकी खूबसूरती बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने जयपुर वासियों से अपील की कि वे प्रदर्शनी देखने आएं और शहर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जयपुर के 300 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2026-27 में पूरे साल कला और संस्कृति से जुड़े आयोजन किए जाएंगे।